**जेबी अकादमी, अयोध्या**

**अर्धवार्षिक परीक्षा 2025-26**

**कक्षा-XII**

**विषय- हिंदी आधार (302)**

**निर्धारित समय**-3 घंटे **अधिकतम अंक**-80

---

**सामान्य निर्देश-**

- प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभक्त है ।
- खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- खंड 'ख' में पाठ्यपुस्तक **अभि. एवं माध्यम** पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
- खंड 'ग' में पाठ्यपुस्तक **आरोह एवं वितान** पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।

**खंड- क (अपठित बोध पर आधारित प्रश्न-18 अंक)**

**प्र.1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 10**

जहाँ भी दो नदियाँ आकर मिल जाती हैं, उस स्थान को अपने देश में तीर्थ कहने का रिवाज है और यह केवल रिवाज की ही बात नहीं है, हम सचमुच मानते हैं कि अलग-अलग नदियों में स्नान करने से जितना पुण्य होता है, उससे कहीं अधिक पुण्य संगम स्नान में है। किंतु भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें असली संगम वे स्थान, वे सभाएं तथा वे मंच हैं, जिन पर एक से अधिक भाषाएं एकत्र होती हैं।

नदियों की विशेषता यह है कि वे अपनी धाराओं में अनेक जनपदों का सौरभ, अनेक जनपदों के आंसू और उल्लास लिए चलती हैं और उनके पारस्परिक मिलन में वास्तव में नाना प्रकार के आंसू और उमंग, भाव और विचार, आशाएं और शंकाएं समाहित होती हैं । अतः जहां भाषाओं का मिलन होता है, वहां वास्तव में विभिन्न जनपदों के हृदय ही मिलते हैं, उनके भावों और विचारों का ही मिलन होता है। तथा भिन्नताओं में छिपी हुई एकता वहां कुछ अधिक प्रत्यक्ष होती है। इस दृष्टि से भाषाओं के संगम आज सबसे बड़े तीर्थ हैं और इन तीर्थों में जो भी भारतवासी श्रद्धा से स्नान करता है, वह भारतीय एकता का सबसे बड़ा सिपाही और संत है।

हमारी भाषाएँ जितनी ही तेजी से जागेंगी, हमारे विभिन्न प्रदेशों का पारस्परिक ज्ञान उतना ही बढ़ता जाएगा । भारतीय केवल अपनी ही भाषा में प्रसिद्ध होकर न रह जाए बल्कि भारत की अन्य भाषाओं में भी उनके नाम पंहुचें और उनकी कृतियों की चर्चा हो । भाषाओँ के जागरण का आरंभ होते ही एक प्रकार का अखिल भारतीय मंच आप से आप प्रकट होने लगा है । आज प्रत्येक भाषा के भीतर यह जानने की इच्छा उत्पन्न हो गई है कि भारत की अन्य भाषाओं में क्या हो रहा है, उनमें कौन-कौन से ऐसे लेखक हैं तथा कौन-सी विचारधारा वहां प्रभुसत्ता प्राप्त कर रही है ।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. नदियों की विशेषता है कि वह अपनी धाराओं में अनेक जनपदों का सौरभ, अनेक जनपदों के **आंसू और उल्लास** लिए चलती हैं- पंक्ति में रेखांकित पद का आशय हो सकता है । **1**

(क) दुख और खुशी (ख) खुशी और वैभव

(ग) गंदगी और श्रद्धा (घ) आस्था और विश्वास

ii. भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें असली संगम क्या है- **1**

(क) वह स्थान, वे सभाएं तथा वह मंच जिन पर वाद विवाद होता है

(ख) वह स्थान, वे सभाएं तथा वे मंच जिन पर नाटक होता है

(ग) वह स्थान, वे सभाएं तथा वे मंच जिन पर एक से अधिक भाषाएं एकत्र होती हैं

(घ) वह स्थान, वे सभाएं तथा वह मंच जिन पर जादू दिखाया जाता है

iii. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए- **1**

I. कथन (एक)- नदियों के मिलन स्थल को हमारे देश में तीर्थ कहा जाता है

II. कथन (दो)-अलग-अलग नदियों में स्नान करने के बजाय संगम में स्नान करना अधिक फलदायक होता है

III.कथन (तीन)- भाषाओं का संगम आज सबसे बड़ा तीर्थ है

IV.कथन (चार)- भाषाओं के संगम में स्नान करने वाले उसके हितैषी नहीं है

**गद्यांश के अनुसार कौन-सा/कौन-से कथन सही हैं-**

(क) केवल कथन एक सही है (ख) केवल कथन दो सही है

(ग) कथन दो और तीन दोनों सही है (घ) कथन एक, दो और तीन सही हैं

**अति लघु उत्तरीय एवं लघु उत्तरीय प्रश्न**

iv. अपने देश में किसे तीर्थ कहने का रिवाज है? **1**

v. लेखक ने असली संगम किसे कहा है? **2**

vi. नदियों की क्या विशेषताएं हैं ? **2**

vii. भाषाओं के जागरण का क्या प्रभाव पड़ा है? **2**

**प्र.2. नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (8)**

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम स्थल,
जीव जहां से फिर चलता है,
धारण कर नवजीवन संबल ।
मृत्यु एक सरिता है,जिसमें-
श्रम से कातर जीव नहाकर
फिर नूतन धारण करता है,
काया रूपी वस्त्र बहाकर
सच्चा प्रेम वही है, जिसकी
तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. कवि ने मृत्यु को क्या माना है- **1**

(क) मोक्ष (ख) सरोवर

(ग) उपवन (घ) जीवन का ठहराव

ii. कवि मृत्यु का निर्भय स्वागत करने की बात क्यों करता है? 1

(क) क्योंकि जीव फिर से नया आवरण और संबल पाकर आगे बढ़ता है

(ख) क्योंकि जीवन की कोई निश्चितता नहीं है।

(ग) क्योंकि जीवन में सदैव दुख ही दुख है।

(घ) क्योंकि जीवन रुक जाता है, फिर आगे नहीं बढ़ता है

iii. मृत्यु का निर्भय होकर स्वागत करने को क्यों कहा जा रहा है- 1

I. कथन (एक)- मृत्यु को कवि एक विश्राम स्थल मानता है

II. कथन (दो)- मृत्यु अवश्यंभावी है

III. कथन (तीन)- मनुष्य उसके उपरांत एक नया जीवन धारण करता है

IV. कथन (चार)- इससे प्राकृतिक तथा जैविक संतुलन बना रहता है

निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए

(क) केवल कथन एक सही है (ख) कथन एक और तीन सही हैं

(ग) केवल कथन तीन सही है (घ) कथन तीन और चार सही है

**अति लघु उत्तरीय एवं लघु उत्तरीय प्रश्न**

iv. कवि ने मृत्यु के प्रति निर्भय बने रहने के लिए क्यों कहा है? 1

v. मृत्यु को विश्राम-स्थल क्यों कहा गया है? 2

vi. कवि ने मृत्यु की तुलना किससे और क्यों की है? 2

**खंड- ख (अभिव्यक्ति और माध्यमके पाठों पर आधारित प्रश्न- 22 अंक)**

**प्र.3. निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- 6**

(क) बिन पानी सब सून

(ख) नई टैरिफ दरों का भारतीय बाजारों पर प्रभाव

(ग) युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए। (4x2=8)**

(क) ड्राई एंकर किसे कहते हैं?

(ख) एंकर पैकेज के बारे में लिखिए?

(ग) विशेष लेखन के क्षेत्र कौन-कौन से हैं?

(घ) पत्रकारिता में 'बीट' शब्द का क्या अर्थ है?

(ड.) किन्ही तीन हिंदी समाचार-पत्रों के नाम लिखिए।

**प्र.5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए। (2x4=8)**

(क) आपको श्रोताओं, दर्शकों या पाठकों को बांधकर रखने की दृष्टि से प्रिंट माध्यम, टीवी और रेडियो में सबसे सशक्त माध्यम कौन-सा लगता है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए ।

(ख) इंटरनेट पत्रकारिता सूचनाओं को तत्काल उपलब्ध कराता है, परंतु उसके साथ ही उसके कुछ दुष्परिणाम भी हैं। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) रेडियो और टेलीविजन समाचार की भाषा और शैली कैसी होनी चाहिए?

**खंड- ग (पाठ्य पुस्तक आरोह एवं वितान पर आधारित प्रश्न- 40 अंक)**

**प्र.6. नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (5x1=5)**

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने की बजाय
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
साफ सुनाई दे रही थी
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह-वाह ।

i. 'पेंच खोलने' का आशय इनमें से क्या है-
(क) बात की जटिलता बढ़ाना
(ख) बात को सहज ढंग से अभिव्यक्त करने का प्रयास करना
(ग) बात कहने के लिए अनावश्यक शब्दों का प्रयोग करना
(घ) भाषा द्वारा प्रभाव जमाने का प्रयास करना

ii. कवि पेंच कसता जा रहा था- इसका उचित कारण क्या है?
(क) कवि की ज्ञान प्रदर्शन करने की इच्छा
(ख) लोगों की वाहवाही लूटने की इच्छा
(ग) कवि की हड़बड़ी और खीझ
(घ) विकल्प क, ख, ग तीनों

iii. 'इस करतब' के माध्यम से कवि ने किस ओर संकेत किया है-
(क) कवि द्वारा अपनी बात को उलझाने और जटिल बनाने की ओर
(ख) बात को सहज और सरल बना देने की ओर
(ग) दशकों से मिल रही प्रशंसा और वाहवाही की ओर
(घ) अपने भाषिक ज्ञान एवं कौशल की ओर

iv. काव्यांश में तमाशबीन किन्हे कहा गया है-
(क) जो अभिव्यक्ति को अच्छी तरह समझ रहे थे
(ख) जो बात को अपने ज्ञान से अच्छी तरह समझ रहे थे
(ग) जो बिना कुछ सोचे समझे तालियां बजाए जा रहे थे
(घ) इनमें से कोई नहीं

**प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों मेंलिखिए। (2x2=4)**

**(क)** शरद ऋतु के आगमन के प्रति कवि की कल्पना अनूठी है । स्पष्ट कीजिए।

**(ख)** फूलों के खिलने और कविता पढ़ने दोनों से ही मन प्रसन्न होता है । कविता के आधार पर दोनों की समता स्पष्ट कीजिए ।

**(ग)** कवि ने बात की तुलना किससे की है और क्यों? 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर लिखिए ।

**प्र.8.निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2x3=6)**

**(क)** **'**कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में संचार माध्यमों की संवेदनहीनता को उजागर किया गया है। कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**(ख)** अपने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम निर्माता किस सीमा तक गिर जाते हैं? कैमरे में बंद अपाहिज कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** उषा कविता में कवि ने आसमान के लिए सर्वथा नवीन उपमानों का प्रयोग किया है । कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**प्र.9. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (5x1=5)**

पानी की आशा पर जैसे सारा जीवन आकर टिक गया हो । बस एक बात मेरे समझ में नहीं आती थी कि जब चारों ओर पानी की इतनी कमी है, तो लोग घर में इतनी कठिनाई से इकट्ठा करके रखा हुआ पानी बाल्टी भर-भर कर इन पर क्यों फेंकते हैं । कैसी निर्मम बर्बादी है पानी की । देश की कितनी क्षति होती है, इस तरह के अंधविश्वासों से । कौन कहता है- इन्हें इंद्र की सेना । अगर इंद्र महाराज से यह पानी दिलवा सकते हैं, तो खुद अपने लिए पानी क्यों नहीं मांग लेते ? क्यों मोहल्ले भर का पानी नाश करवाते घूमते हैं ? नहीं, यह सब पाखंड है, अंधविश्वास है । ऐसे ही अंधविश्वासों के कारण हम अंग्रेजों से पीछे हो गए और गुलाम बन गए ।

i. लेखक को कौन-सी बात समझ में नहीं आती थी-
(क) सारा जीवन पानी पर आकर क्यों रुक जाता है
(ख) इंदर सेना पानी मांगने क्यों आती है
(ग) लोग इंदर सेना के पानी मांगने पर पानी को क्यों बहाते हैं
(घ) लोग इंदर सेना को अपने गांव घर में क्यों आने देते हैं

ii. लोगों द्वारा इंदर सेना को पानी देने को लेखक पानी की बर्बादी क्यों समझता है?
(क) गलियों में कीचड़ उत्पन्न होने की समस्या के कारण
(ख) पानी की घोर कमी महसूस होने के कारण
(ग) अत्यंत मुश्किल से एकत्र किए पानी को बहाए जाने के कारण
(घ) क एवं ग दोनों

iii. लेखक इनमें से किसे अंधविश्वास मानता है-
(क) इंदर सेना पर पानी फेंकने को
(ख) इंदर सेना के आह्वान पर
(ग) इंद्र के प्रसन्न हो जाने को
(घ) इंदर सेना द्वारा कीचड़ में लोटने को

iv. लेखक इनमे से किसका पक्षधर दिखाई देता है-
(क) प्रदूषण कम करने का
(ख) जल संरक्षण का
(ग) अंधविश्वासों को न मानने का
(घ) प्राचीन मान्यताओं को बनाए रखने का

v. इंदर सेना के विरोध में लेखक का तर्क क्या है-
(क) इंद्र से पानी दिलवाने वाली सेना अपने लिए पानी क्यों नहीं मांग लेती
(ख) इंदर सेना का प्रयास इंद्र को प्रसन्न कर सकता है
(ग) इंदर सेना के प्रयासों से बेहतर गांव वालों के प्रयास हैं
(घ) इंदर सेना वर्षा लाने वाली कोई सेना नहीं है

**प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2x2=4)**

**(क)** ऊंचे बाजार के आमंत्रण को मूक क्यों कहा गया है?

**(ख)** मन खाली होने तथा मन बंद होने के क्या आशय हैं? यह भी बताइए कि इनमें क्या अंतर है ।

**(ग)** भगत जी का व्यवहार हमारे लिए क्या सीख छोड़ जाता है ?

**प्र.11.निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए ।** **(2x3=6)**

**(क)** पहलवान की ढोलक पाठ के आधार पर लिखिए कि प्राचीन लोक कलाएं क्यों लुप्त हो रही हैं? इन्हें पुनर्जीवित रखने के लिए क्या प्रयास किया जा रहे हैं?

**(ख)** दूध का दूध और पानी का पानी करने बैठी पंचायत ने नारी जाति की स्वतंत्रता का हनन किस प्रकार किया?

**(ग)** चांद सिंह कौन था, वह किस नाम से प्रसिद्ध था और क्यों?

**प्र.12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।** **(2x5=10)**

**(क)** जूझ कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

**(ख)** जूझ कहानी के लेखक के मन में यह विश्वास कब और कैसे जन्मा कि वह भी कविता की रचना कर सकता है ?

**(ग)** दत्ता जी राव ने लेखक की पढाई की समस्या का समाधान किस प्रकार किया ?

*****